06 दिल्ली में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित...



09 भगवान महावीर स्वामी की वीर शासन जयंती मनाई



## खबर संक्षेप

### रिक्त पदों के लिए 4 अगस्त तक आवेदन आंमत्रित किए गए

**सीहोर।** ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में विभिन्न श्रेणियों के 633 रिक्त पदों पर भर्ती के लिये योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आंमत्रित किये गये हैं। रिक्त पदों में सहायक अभियंता, विधि अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, ट्रांसमिशन लाइन परिचारक, उपकेन्द्र परिचारक, सर्वेयर परिचारक के पद शामिल हैं। इन पदों के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 04 अगस्त 2025 है। रिक्त पदों में द्वितीय श्रेणी के सहायक अभियंता (पारेषण) के 63 पद, विधि अधिकारी के 01, कनिष्ठ अभियंता पारेषण के 247, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के 12, ट्रांसमिशन लाइन परिचारक के 67, उपकेन्द्र परिचारक के 229 एवं सर्वेयर परिचारक के 14 पद शामिल हैं। भर्ती प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी एम.पी. ट्रांसको की अधिकृत वेबसाइट mptransco.in अथवा एम.पी. ऑनलाइन की वेबसाइट mponline.gov.in अथवा Iforms.mponline.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक 14 को आयोजित

**सीहोर।** जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 14 जुलाई को सायं 4.00 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जावेगी। बैठक में कर्मचारी संघो के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किये गये कर्मचारी हित की मांग/एजेण्डा/विषयों पर चर्चा की जावेगी।

### 30 से पहले अपना ओटीआर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

**सीहोर।** कक्षा नौवीं से कॉलेज स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक अथवा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता है और जिनके परिवार की वार्षिक आय सीमा 02 लाख 50 हजार से कम है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को एक बार ओटीआर नम्बर प्राप्त करने के पश्चात भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नम्बर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ मिल सकेगा तथा फिर से ओटीआर कराने की आवश्यकता नही होगी। विद्यार्थी को 30 जुलाई 2025 से पहले अपना ओटीआर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। ओटीआर के लिए विद्यार्थी के आधार नम्बर से मोबाइल नंबर एवं बैंक खाता (एनपीसीआई) लिंक होना अनिवार्य है।

### 6 अगस्त को निकाली जाएगी कांवड़ यात्रा, देश भर के श्रद्धालु सीवन के तट से जल लेकर करेंगे भोले बाबा का अभिषेक

# सुबह से शिवभक्त सीवन नदी पहुंचे, कांवड़ में जल लेकर जा रहे कुबेरेश्वर धाम, एक माह चलेगा मेला

इस माह में 14, 21, 28 जुलाई और 4 अगस्त को सोमवार आएंगे। 14 जुलाई को गणेश चतुर्थी है। 21 जुलाई को सर्वार्थसिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग और एकादशी का संयोग है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीवन नदी से कुबेरेश्वरधाम कांवड़ लेकर जाने शिवभक्तों का सिलसिला भोर होने के साथ ही शुरू हो गया। कांवड़ मेला एक माह आगामी 8 अगस्त तक चलेगा। इसी के साथ 6 अगस्त को शहर के सीवनघाट से सुबह नौ बजे भव्य कांवड यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें स्वयं कुबेरेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित प्रदीप मिश्रा शामिल होंगे। यह यात्रा सीवन नदी से करीब 11 किलोमीटर पैदल चलकर धाम पर पहुंचेगी, जहां पर भव्य आरती की जाएगी और बाबा को जल अर्पित किया जाएगा।

कुबेरेश्वर धाम का कावड़ मेला हर साल भक्तों के लिए एक विशेष अवसर होता है। इस मेले में भक्तगण श्रद्धा और भक्ति के साथ कावड़ लेकर चलते हैं और भगवान शिव को जल अर्पित करते हैं। यह मेला न केवल धार्मिक भावना को प्रकट करता है, बल्कि समाज को एकजुट करने का भी कार्य करता है। कावड़ यात्रा में शामिल होने वाले भक्त, शहर की जीवनदायनी मां सीवन से जल भरकर 11 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हैं, जो उनकी भक्ति को दर्शाता है। इस यात्रा में कठिनाइयों का सामना करते हुए भी, लोग अपने श्रद्धा भाव के साथ आगे बढ़ते हैं। कुबेर भंडारी की कावड़ विशेष रूप से कष्टों के निवारण के लिए मानी जाती है, और भक्तगण इसे लेकर अत्यधिक श्रद्धा रखते हैं।



कावड़ मेला सावन मास के साथ ही शुरू हो गया है और आगामी 8 अगस्त तक चलेगा।

### पंडित प्रदीप मिश्रा भी कांवड़ यात्रा में चलेंगे कांवड़ लेकर

शिव भक्त सीहोर से मां सीवन के जल लेकर बाबा कुबेर भंडारी को चड़ाते हैं एवं कंकर शंकर पूजन करते हैं। सर्व कार्य सिद्ध करने वाली कावड़ पूज्य गुरुदेव प्रदोष के दिन समर्पित करते हैं। पंडित प्रदीप मिश्रा के साथ जो भक्त कावड़ चड़ाने आते हैं वो मन में जो कामना लेकर आते हैं। बाबा प्रदोष की कावड़ का जल लेकर उस भक्त की कामना पूरी करते हैं। इस वर्ष की कावड़ प्रदोष की पूज्य गुरुदेव के साथ 6 अगस्त सुबह 9 बजे सीहोर शहर के सीवन घाट से भरा कर 11 किलो मीटर दूर बाबा धाम जाएगी। बाबा पर प्रदोष के दिन कावड़ जल गुरुजी के साथ चढ़ाया जाएगा। विठलेश सेवा समिति के समीर शुक्ला ने बताया कि एक माह का कावड़ मेला सावन मास क आगाज के साथ ही शुरू हो गया है। सभी शिव भक्त बाबा को कावड़ जल चढ़ाकर अपने जीवन को सफल करे। विठलेश सेवा समिति के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि सावन का महीना भगवान शिव को बहुत प्रिय है, इस महीने भगवान शिव की पूजा अर्चना से भगवान भोलेनाथ आसानी से प्रसन्न हो जाते हैं। इसका एक आसान उपाय कांवड़ यात्रा भी है। इसके अनुसार शिव-भक्त भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए कांवड़ यात्रा निकालते हैं। पवित्र नदी का जल लेकर कठिन व्रत का पालन करते हुए घर के पास या किसी पौराणिक शिवालय में जल-अर्पित करते हैं। मान्यता है कि इससे भक्त की मनोकामना पूरी होती है। कुबेरेश्वर धाम में





श्रावण मास की शुरुआत के साथ सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और पूजा-अर्चना में जुटे हैं। पंडित प्रदीप मिश्रा ने बताया कि देवउठनी एकादशी पर भगवान नारायण अपना कार्यभार शिवजी को सौंप देते हैं। कुबेरेश्वर धाम में पूरे महीने अभिषेक और अलग-अलग धार्मिक आयोजन होंगे।



### बीएलओ व सुपरवाइजर को दो दिवसीय निर्वाचन प्रशिक्षण दिया

**नलखेड़ा।** आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावो को ध्यान में रखते हुवे मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी और सटीक बनाने के उद्देश्य से तहसील नलखेड़ा के बीएलओ व सुपरवायजर का दो दिवसीय निर्वाचन प्रशिक्षण 11 व 12 जुलाई को सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण नए मतदाताओं के नाम जोड़ने मृत अथवा डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाने अथवा नाम हटाने एवं नाम संशोधन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। मास्टर ट्रेनर संदीप परिहार ने उपस्थित बीएलओ व सुपरवायजरो को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नवीनतम दिशा निर्देशों से अवगत कराया। साथ ही घर घर जाकर मतदाता सत्यापन गणना पत्रक व घोषणा पत्र भरने की प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से समय पर डेटा फीडिंग तथा विशेष गहन पुनरीक्षण की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बीएलओ को यह भी बताया गया कि वे अपने क्षेत्र के प्रत्येक घर जाकर प्रत्येक मतदाता का भौतिक सत्यापन करेंगे ताकि मतदाता सूची में कोई त्रुटि नही रह जाए। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 7 से 17 जुलाई तक प्रदेश भर में बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में नलखेड़ा तहसील का यह दो दिवसीय प्रशिक्षण 11 व 12 जुलाई को हुआ। इसमें एसडीएम सर्वेश यादव व तहसीलदार गिरीश सूर्यवंशी सहित निर्वाचन शाखा कर्मी थे।

### बैरागी का भौतिकी विज्ञान पर हुआ व्याख्यान

**नलखेड़ा।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शासकीय महाविद्यालय के भौतिकी व्याख्याता डॉ सुखदेव बैरागी द्वारा कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण सोचने की क्षमता और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को मजबूत करने के लिए प्रेरणादायक प्रबोधन सत्र आयोजित किया गया। शनिवार को आयोजित सत्र का विषय गति की अवस्थाएँ एवं प्रकार था। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भौतिकी की अवधारणाओं को सरल व्यावहारिक और रुचिकर तरीके से समझाना था।
डॉ बैरागी ने सहज भाषा और दैनिक जीवन के उदाहरणों से विज्ञान को विद्यार्थियों के लिए सरल और जीवन से जुड़ा बना दिया। छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी डॉ बैरागी द्वारा किया गया। इसमें प्राचार्य ईश्वर सोलंकी व्याख्याता दीपक शर्मा व नितेश जैन भी उपस्थित थे।



## घर जैसे पब्लिक टॉयलेट में सफाई रखें : कलेक्टर

### जल, दुर्गंध रहित टॉयलेट के उपयोग को लेकर जागरुकता एवं प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

एकम ईको कंपनी द्वारा संयुक्त कलेक्टर कार्यालय भवन आगर के पुरूष एवं महिला प्रसाधनों में जलरहित, दुर्गंध रहित जीरो डोर/ऑलर ट्रेप इंस्टॉल किए गए हैं, जिसके उपयोग को लेकर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संपन्न हुआ।

कलेक्टर ने प्रशिक्षण के दौरान कहा कि अपने घर के टॉयलेट का रख-रखाव जिस तरह किया जाता है, उसी तरह पब्लिक टॉयलेट में सफाई रखें, सार्वजनिक स्थलों के टॉयलेट पर गुटखा खाकर नहीं थूंके तथा उपकरणों को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुचाएं।



कलेक्टर ने निर्देशित किया कि महिला प्रसाधनों में पेड इनसिनेरिटर लगाया जाए एवं बायोडायजसटर्स की मदद से दुर्गंध रहित एवं जलरहित फिमेल टॉयलेट बनाये जाए। कलेक्टर ने ग्रीन क्लीनिंग वाले बायोडायजसटर्स की उपयोगिता एवं हॉर्श केमिकल के हानिकारक के प्रभावों की चर्चा की।

कम्पनी के डॉ. राजेन्द्र बाफना ने जानकारी देते हुए बताया कि जीरो डोर/ऑलर ट्रेप के बारे में आईआईटी देल्ही द्वारा बनाया गया है, जो टायॅलेट में अमोनिया की गंध नहीं फैलने देता है, जिससे फ्लश में लगने वाली पानी की वृहद मात्रा में बचत होती है, यह दुर्गंध रहित एवं जल रहित टॉयलेट बनाता है।


## एक शाम खाटू वाले के नाम भजन संध्या का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी की पावन नगरी में नगर के राठौर परिवार व श्याम प्रेमियों द्वारा एक शाम खाटूवाले बाबा के नाम की भजन संध्या का भव्य कार्यक्रम मां बगलामुखी रिसोर्ट में आयोजित किया गया। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक मनोज निमजे इंदौर द्वारा बाबा श्याम के भजनों की सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर सहित आसपास के श्याम प्रेमियों द्वारा भाग लिया गया।

नगर के मां बगलामुखी मंदिर रोड स्थित एमबीआर रिसोर्ट में शुक्रवार रात्रि को 8 बजे से खाटू श्यामजी की भजन संध्या का कार्यक्रम नगर के समाजसेवी कैलाशचंद राठौर परिवार व श्याम प्रेमियों द्वारा आयोजित किया गया। इस मौके पर बाबा खाटूश्याम जी का दरबार सजाया जा कर बाबा की प्रतिमा की महाआरती की गई वही प्रतिमा का अलौकिक श्रंगार कर अखंड ज्योत जलाई गई।





इस दौरान तत्पश्चात भजन गायक मनोज निमजे इंदौर द्वारा खाटू श्याम जी पर आधारित भजनों की प्रस्तुती उपस्थित श्रद्धालु भक्तों के समक्ष प्रस्तुत की गई।

### शिशु मंदिर के विद्यालय वाहन चालकों को अग्निशमन यंत्र संचालन का दिया प्रशिक्षण




**नलखेड़ा।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर केशव कुंज में विद्यालय वाहन चालकों को अग्निशमन यंत्र संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। शनिवार को विद्यालय वाहन चालकों हेतु अग्निशमन यंत्र के संचालन का एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्धेश्य वाहन चालकों को आपातकालीन स्थिति में अग्निशमन यंत्र के सही प्रयोग की जानकारी देना एवं उनकी सतर्कता और सुरक्षा के स्तर को सुदृढ़ करना था। विद्यालय में प्राचार्य ईश्वरसिंह सोलंकी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया जिनमे चालको को अग्निशमन यंत्रों के प्रकारों की जानकारी दी गई। प्रत्येक यंत्र का उपयोग किस प्रकार की आग पर किया जाना चाहिए। यंत्र चलाने की प्रक्रिया वाहन में यंत्र की उचित स्थिति और रख-रखाव का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही वाहन चालकों को आपातकालीन स्थिति में धैर्यपूर्वक और सुरक्षित ढंग से कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए व्यावहारिक प्रदर्शन एवं सभी चालकों से अभ्यास कराया गया। गौरतलब है कि शासन द्वारा स्कूल वाहनों में अग्निशमन यंत्र रखने का नियम बनाया गया है लेकिन कई वाहन चालकों को इसके उपयोग की जानकारी नही होती है ऐसे में उक्त प्रशिक्षण उनके लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

## बंध गए सावन के झूले नागरिक ले रहे आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारत की पुरातन संस्कृति में सावन माह में भगवान शिव की भक्ति के साथ ही झूला झूलने का विशेष महत्व है। इसी के चलते सावन माह प्रारम्भ होते ही स्थान - स्थान पर झूले बंध जाते है जहाँ नागरिक झूला झूलने का आनंद लेते है।

सावन के ये झूले अब शहरी क्षेत्रों में कम दिखाई देते है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में अब भी बाग बगीचों व धार्मिक स्थलों पर ये झूले आमतौर पर दिखाई दे रहे हैं। सावन माह प्रारम्भ होते ही नगर के चुनिंदा स्थानों के साथ ही क्षेत्र के लगभग सभी ग्रामों में कई स्थानों पर झूले बंध चुके है। इन झूलों का बड़ी संख्या में नागरिक आनंद ले रहे है। तहसील के प्रसिद्ध श्री तारकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में त्रिवेणी संगम के तट पर भी सावन के झूले बंध चुके है जहाँ भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंचने वाले भक्त झूलों का भी आनंद ले रहे है।



### जैन आराधना भवन में चल रहा कार्यक्रम, पाश्चात्य और भारतीय संस्कृति समझाई

# अपेक्षा की उपेक्षा ही होता है हमारे दु:ख का कारण : रत्ननिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

संसार स्वार्थ से भरा हुआ है, हमारे परिभ्रमण का कारण भी स्वार्थ है। जीवन में साधन तो बहुत है, लेकिन साधना का अभाव है। साधनों को दूर कर साधना की ओर अग्रसर होने का पुरुषार्थ करना होगा, तभी यह दुर्लभ मानव जन्म पाना सफल होगा। हमारे साथ किसी का अनुचित व्यवहार या उसके द्वारा हमारी अपेक्षा के अनुसार कार्य या व्यवहार नहीं होना हमारे दुःख का कारण बन जाता है। अहंकार क्रोध का जन्मदाता है। जहां अहंकार जागृत होता है, वहां क्रोध का साम्राज्य हो जाता है।

स्थानीय जैन आराधना भवन हनुमान मंडी में चातुर्मास के दौरान चल रहे धार्मिक प्रवचन में शनिवार को रत्ननिधि म.सा. ने उपस्थित समाज जनों के समक्ष यह बात कही। उन्होंने कहा कि संसार के हर पदार्थ व वस्तु की जानकारी तो हमें है। लेकिन जिन परमात्मा के शासन में हम यहाँ मनुष्य भव भोग रहे हैं उनके बारे में भी हमें जानकारी होना चाहिए। परमात्मा ने अपने जीवन में कभी भी स्वार्थ को स्थान नहीं दिया संयम जीवन ग्रहण करने के बाद भी आने वाले हर संकटों का सामना परमात्मा ने किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम एक ही सीढ़ी से चढ़ते भी हैं और उतरते भी हैं। इसी प्रकार जीवन की ओर दृष्टिपात करें तो इसी जीवन में परमात्मा भी बन सकते हैं, पशु भी बन सकते हैं।



साध्वीजी ने कहा की अपेक्षा की उपेक्षा ही हमारे दुःख का कारण होता है। यदि कोई हमारी उपेक्षा कर देता है तो हमारे अंदर क्रोध का भूत सवार हो जाता है। मनुष्य का अहंकार ही उसके क्रोध का जन्मदाता है। इसीलिए कहा गया है कि जहां अहंकार जागृत होता है वहां क्रोध का साम्राज्य हो जाता है। उन्होंने बताया कि संसार की स्वार्थता का पहला कारण संकुचित विचार, दूर विचार है। आपस में मनमुटाव को पैदा करने वाला कोई है तो वह हमारे दूर विचार ही होते हैं। दूसरा कारण स्वार्थ में बाधा होता है, यदि कोई हमारे स्वार्थ में बाधा बनता है तो हमारे विवेक का दरवाजा बंद हो जाता है। और जब विवेक का दरवाजा बंद हो जाता है तो व्यक्ति बेहोश होकर अपने होश को खो बैठता है तथा सामने वाले पर क्रोध करने लगता है। उन्होंने कहाकि व्यक्ति को जब क्रोध आता है तो वहां स्वयं का नुकसान तो करता ही है, वहीं दूसरों का नुकसान भी करता है। यह संसार स्वार्थ से भरा हुआ है, यदि हमारे स्वार्थ में बाधा आएगी तो हमें सामने वाले पर क्रोध आएगा।

साध्वीजी ने कहा कि वर्तमान समय में जो परिवार टूट रहे हैं, रिश्ते बिखेर रहे उसका मूल कारण हमारा भ्रम (संशय ) है।भ्रम ही भ्रमण को पैदा करने वाला है गलतफहमी हमें अंधकार में भटका देता है। साध्वीजी ने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति हमारी भारतीय संस्कृति पर हावी हो रही है। अंधकारिता से भरी पाश्चात्य संस्कृति का जोर भारत की संस्कृति पर चल रहा है। पाश्चात्य संस्कृति जहां हमें अंधकार की ओर ले जा रही है वहीं भारत की संस्कृति प्रकाश की ओर ले जाने वाली है। उन्होंने कहा कि जो धर्म में रमण करता है, धर्म हमेशा उसकी रक्षा करता है। साधना मजबूत होगी तो सिद्धि भी अवश्य मिलेगी। प्रेम में स्वार्थ की भावना नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संसार का कोई कार्य आपका अधूरा है तो वहां आपके जाने के बाद परिवारजन पूरा कर देंगे लेकिन साधना का कार्य स्वयं का स्वयं को ही पूरा करना पड़ेगा।

साध्वीजी ने कहा कि मंथरा शब्द अपने आप में दूबुद्धि है, जो हमें गर्त में ले जा रही है। माता-पिता घर बैठे तीर्थ हैं तीर्थ में तो हमें चलकर जाना पड़ता है लेकिन माता-पिता घर बैठे तीर्थ के समान होते हैं इसीलिए उनकी सेवा - सुषमा कर पुण्य अर्जन कर लेना चाहिए। साध्वीजी ने कहा कि यहां जीवन किसी के लिए ज्योति भी है तो ज्वाला भी है, प्रकाश भी है तो अंधकार भी है, दुःख भी है तो छांव भी है।

खबर संक्षेप

### भौरासा में प्रजापति समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा

**भौरासा।** नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रजापति समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 1 नवंबर शनिवार देवउठनी ग्यारस को बाबा भंवरनाथ मंदिर प्रांगण भौरासा में आयोजित किया जाएगा। सर्व सुविधा युक्त आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में जोड़ों का पंजीयन होना शुरु हो गया है। सम्मेलन के अध्यक्ष रामलाल कुंभकार ने बताया कि समाज की सुविधा हेतु पंजीयन किया जाएगा। सम्मेलन में प्रत्येक दूल्हा तथा दुल्हन के पिता का सम्मान भी किया जाएगा। वर पक्ष से 21101, रुपए व वधू पक्ष से 21101, रुपए लिए जा रहे है। मंच पर बाहर से पधारे अतिथियों का भी सम्मान भी किया जाएगा। सम्मेलन अध्यक्ष ने समस्त समाजजन से अपील की है कि सम्मेलन में सपरिवार पधार कर सम्मेलन को सफल बनाए। अध्यक्ष कुंभकार ने बताया कि यह सम्मेलन नगर में 4 बार आयोजित किया जाता है जो प्रथम सम्मेलन 1नवम्बर शनिवार को द्वितीय सम्मेलन 4 फरवरी 26 बुधवार, को तृतीय सम्मेलन 27 मार्च 26 शुक्रवार और चतुर्थ सम्मेलन 6 मई 26 बुधवार को रखा गया है जिसमें आप अपने पंजीयन करवा सकते हैं। उक्त जानकारी सम्मेलन अध्यक्ष रामलाल कुंभकार ने दी।

### संगठन ने किया सम्मान

**बागली।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा संगठन के निर्देशन में भाजपा जटाशंकर मंडल एवं कर्णेश्वर मंडल करनावद द्वारा अलग-अलग जगह संत-महंत, पुजारी व गुरुजन का सम्मान कर वंदना की गई। सर्वप्रथम समीपस्थ जटाशंकर तीर्थ स्थल पर ब्रह्मलीन संत केशवदासजी त्यागी फलाहारी बाबा के समाधि स्थल पर पूजन-अर्चन के बाद गादी पर विराजित संत बद्रीदास महाराज का पुष्पमाला एवं शॉल-श्रीफ़ल से सम्मान कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद वायोग्यः चेतनापीठम पहुंचकर ब्रह्मलीन गुरुदेव रामाधार शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर आशीर्वाद लिया। संचालक कनिष्क द्विवेदी का सम्मान पुष्पमाला एवं शाल-श्रीफल द्वारा किया गया। नगर बागली में गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य रामप्रसाद खराडिया का सम्मान पुष्पमाला एवं शाल-श्रीफल द्वारा किया गया। भोमियाजी हनुमान मंदिर के पुजारी का भी सम्मान किया गया। साथ कर्णेश्वर मंडल करनावद अंतर्गत भी मंडल अध्यक्ष जसपाल सिंह सेंधव के मार्गदर्शन में मंदिर पुजारी व गुरू जनों का अभिनंदन किया गया।

फाइव स्टार रेटिंग, वाटर प्लस और ओडीएफ प्लस उपलब्धियों के लिए राष्ट्रपति करेंगे सम्मानित

# दिल्ली में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित होने नगर निगम का 10 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल 17 जुलाई को होगा रवाना

## नगर निगम देवास ने स्वच्छता में रचा इतिहास, 17 जुलाई को होगा राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 हेतु विजेता शहरों की घोषणा में देवास ने इस बार बड़ी उपलब्धि के साथ स्थान हासिल किया है। मध्यप्रदेश के आठ शहर इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, देवास, बुदनी और शाहगंज राष्ट्रीय सम्मान हेतु नामांकित हुए हैं। नगर पालिक निगम देवास को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में फाइव स्टार रेटिंग में राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त हुआ। नगर निगम को स्वच्छ भारत मिशन के तहत फाइव स्टार रेटिंग, वॉटर प्लस और ओडीएफ प्लस उपलब्धियों के लिए राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार 17 जुलाई को दिल्ली के विज्ञान भवन में महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाएगा। यह पहली बार है जब नगर निगम देवास को किसी भी श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर का राष्ट्रपति अवॉर्ड मिलने जा रहा है।

इस स्वर्णिम उपलब्धि पर महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, नेता सत्तापक्ष मनीष सेन, भरत चौधरी द्वारा समस्त शहरवासियों सहित नगर निगम की स्वच्छ भारत टीम को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए नगर निगम कार्यालय में स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह बैस के नेतृत्व में समस्त दरोगाओं, स्वा. अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, सफाई मित्रों के साथ भव्य आतिशबाजी कर मिठाई वितरित की गई।

अ.भा.स.म.ट्रेड यूनियन शहर अध्यक्ष द्वारा स्वास्थ्य अधिकारी, चेयरमेन का स्वागत किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, लोकराज गिल्लोरे, राजेश गोसर, राजकुमार कल्याणे, विजय आदिवाल, प्रवीण सांगते, विकास बंजारे, बसंत कल्याणे, मंगल धारू, महेश लोट, रितेश सांगते, रईस खान, राजू गौसर, विकास सिहोते, कैलाश सोलंकी, धीरज खत्री, भारत सिहोते, उमेश सांगते, दिनेश हंस, संजय लोट, ऋषि निगम, जय बंजारे, सुमित बाली, आमिन शेख, अबरार खान, जितेन्द्र डुमाने, शेखर पंवार, स्वास्थ्य निरीक्षक विजय सांगते, प्रवीण खरे, अनूप सांगते, रवि गोईनार, भूषण पंवार, स्वच्छ भारत मिशन टीम से अरूण तोमर, शहनवाज शेख, परवेज पटेल, अभिषेक पंवार उपस्थित रहे।



### यह उपलब्धि नगर निगम के लिए गौरव का क्षणः अग्रवाल



महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा अपने संदेश में कहा कि विधायक गायत्री राजे पवार के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में नगर निगम देवास के इतिहास में प्रथम बार राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित होने की स्वर्णिम उपलब्धि प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि से हमारे शहर का नाम संपूर्ण देश में रोशन होकर हमारे लिये गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि में शहर के नागरिकों के साथ ही मीडिया साथियों का भी रचनात्मक सहयोग मिलने पर यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। महापौर ने नगर निगम की स्वच्छ भारत की टीम, स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य निरीक्षक, सफाई मित्रों, दरोगाओं को हार्दिक शुभकामनाए प्रेषित की। निगम कार्यालय में सफाई दरोगाओं एवं सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। अग्रवाल ने इस उपलब्धि को नगर निगम के लिए गर्व का क्षण बताया। नगर निगम के इतिहास में यह पहला मौका है जब किसी भी विषय में राष्ट्रपति अवॉर्ड मिलने जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने बताया कि यह सफलता नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग और सफाई कर्मियों की दिन-रात की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने देवास की जनता को बधाई दी। अग्रवाल ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन की नोडल अधिकारी रूपा मिश्रा ने देवास नगर निगम को राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चिह्नित करने का पत्र भेजा है। बताया गया कि देवास को पहले ही ओडीएफ प्लस की मान्यता मिल चुकी है, और इस वर्ष वाटर प्लस रेटिंग भी हासिल हुई है। अब फाइव स्टार रेटिंग भी मिल गई है।

### सम्मान समारोह में दल होगा रवाना

17 जुलाई को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सहभागिता हेतु विजेता नगरीय निकायों से 10 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल दिल्ली जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में महापौर/अध्यक्ष, सभापति, आयुक्त/मुख्य नगरपालिका अधिकारी, स्वच्छता नोडल, स्थानांतर की स्थिति में सर्वेक्षण के दौरान पदस्थ मुख्य नगरपालिका अधिकारी/नोडल, सफाई मित्र, और एक दो अन्य प्रमुख व्यक्ति सहित अधिकतम 10 सदस्य सहभागिता करेंगे। सभी आयुक्त/नपा अधिकारी 17 व 18 जुलाई को आयोजित कार्यशालाओं में भी सहभागिता करेंगे।

### सम्मान के असली हकदार सफाई कर्मचारीः सभापति जैन



नगर निगम देवास को स्वच्छता की श्रेणी में मिलने वाले पुरस्कारों की जानकारी लगने के बाद निगम सभापति रवि जैन ने कहा कि बड़े ही हर्ष का विषय है कि देवास को पहली बार यह उपलब्धि मिली है। जब देवास थ्री स्टार से फाइव स्टार रेटिंग में आया है। यह फाइव स्टार रेटिंग हमको गार्बेज फ्री सिटी के लिए मिली हैं। कचरा संधारण करने के लिए हमने उच्च तकनीक से लैस प्लांट का उपयोग किया। पिछली बार हमको वाटर प्लस मिला था इस बार हमको वाटर प्लस प्लस मिला है। इन दोनों ही तकनीकों से प्रदेश में देवास ने जगह बनाई है। जैन ने बताया कि राष्ट्रपति जी द्वारा देवास नगर निगम को सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान के असली हकदार हमारे सफाई कर्मचारी है, जो हमेशा दिन रात त्यौहार के दौरान शहर की गलियों में सफाई कार्य करते हैं। यह सम्मान उन्हें ही समर्पित हैं। हमारे सभी कर्मचारी, दरोगा, अधिकारी हमारे जनप्रतिनिधि पार्षद, महापौर, कमिश्नर साहब से एचओ स्तर के अधिकारियों की अटूट मेहनत के चलते हमें यह सम्मान मिला है। निश्चित तौर पर हम 2025 के लिए भी मेहनत कर रहे हैं। इस वर्ष भी हम फाइव स्टार रेटिंग लाने का प्रयास करेंगे। सभापति जैन ने इस उपलब्धि के लिए शहरवासियों को भी अनन्त धन्यवाद दिया। जैन ने विधायक गायत्री राजे पवार को विशेष साधुवाद देते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में ही हमको यह सफलता मिली हैं।

## प्लास्टिक बनाम प्लेनेट विषय पर स्कूली बच्चों ने निकाली जन जागरूकता रैली



**देवास।** सहोदय स्कूल्स कॉम्प्लेक्स के बैनर तले 'प्लास्टिक बनाम ग्रह' विषय पर एक विशाल जनजागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया, जिसमें देवास के 13 सीबीएसई स्कूलों के 700 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।यह रैली सुबह 10:00 बजे सायाजी द्वार से शुरू होकर भोपाल चौराहा पर सम्पन्न हुई। इस रैली को डीएसपी संजय शर्मा और नगर निगम के उप आयुक्त ज़ाकिर जाफरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।मुख्य अतिथियों का स्वागत डॉ. आर. रथीश (प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर व प्राचार्य, सेन थॉम अकादमी) और रीता सिंह (डीएसएससी की चेयरपर्सन व प्राचार्या, सेंट्रल इंडिया अकादमी) ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।छात्रों ने हाथों में तख्तियाँ, पोस्टर और बैनर लेकर सड़कों पर मार्च किया जिन पर प्लास्टिक के उपयोग के खिलाफ प्रभावशाली नारे और संदेश लिखे थे। रैली मैं आकर्षण का केंद्र रहे-सेंट्रल इंडिया अकादमी, सेन थॉम अकादमी और विद्या कुंज स्कूल के छात्रों द्वाराप्रस्तुत नुक्कड़ नाटक जो रैली के प्रारंभ और समापन स्थलों पर प्रस्तुत किए गए।हरित पहल को प्रोत्साहित करते हुए नगर निगम ने छात्रों के माध्यम से आम जनता को पौधे वितरित किए। वहीं, सेन थॉम अकादमी के छात्रों ने हस्तनिर्मित कागज़ की थैलियाँ वितरित कीं, जिससे प्लास्टिक के विकल्प को बढ़ावा मिला। सभा को संबोधित करते हुए डीएसपी संजय शर्मा ने छात्रों की पर्यावरण के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता की सराहना की। उप आयुक्त ज़ाकिर जाफरी ने आश्वस्त किया कि नगर निगम इस प्रकार की छात्र-नेतृत्व वाली पर्यावरणीय पहलों का निरंतर सहयोग करता रहेगा।

## 24 केस वाला जिलाबदर बदमाश गिरफ्तार, पुलिस ने मुक्ति मार्ग के पास दबिश देकर पकड़ा

**देवास।** पुलिस ने ऑपरेशन पवित्र के तहत शुक्रवार को एक जिलाबदर आरोपी को गिरफ्तार किया है। नाहर दरवाजा थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जिलाबदर आरोपी शाहिद उर्फ जर्सी जिले की सीमा में देखा गया है। इसके बाद थाना प्रभारी मंजू यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुक्ति मार्ग से बाईपास जाने वाले रास्ते पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ा। आरोपी के पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आनंद नगर निवासी शाहिद के खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्रों में 24 अपराध दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 और आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत मामला दर्ज किया है।

## ग्राम पंचायत मोखापिप्ल्या में लगा स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



ग्राम पंचायत मोखापिप्ल्या में शनिवार के दिन निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया और दवाइयां वितरित की। सरपंच जितेंद्र सिंह, सचिन, शोभाराम, सचिव मोहन जाट की उपस्थिति में मां सरस्वती का पूजन कर शिविर शुभारंभ किया गया। इस दौरान श्री साईं नयन अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर डबल चौकी की स्वास्थ्य टीम द्वारा शिविर में आए लोगों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण किया गया।

सरपंच जितेंद्र सिंह ने बताया है कि इस शिविर से मध्यम वर्ग के लोगों को काफी फायदा मिलता है, क्योंकि बड़े अस्पताल में जाने पर जांच के नाम पर ही बड़ी रकम अदा करनी पड़ती है, लेकिन शिविर के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य प्रशिक्षण किया गया। साथ ही दवाईयां भी निःशुल्क वितरित की गई। ग्राम पंचायत की ओर से स्वास्थ्य टीम के सभी डॉक्टरों का पुष्प माला से स्वागत कर अभिनंदन किया गया। शिविर में डाक्टर टीम व्दारा 71 पुरुष महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही गत दिनों ग्राम पंचायत अमरपुरा में भी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर 80 से अधिक पुरुष महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया था। इस दौरान डॉ. सुखलाल कश्यप, डॉ. ललिता कश्यप, सिस्टर असमीना राव, ममता, देवेंद्र प्रजापत ,सोहन मंडलोई ,कैलाश मीणा, कमलेश राव सुरेश सिंह दरबार आदि उपस्थित रहे।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यशाला हुई

## जनसंख्या वृद्धि से जुड़ी चुनौतियों के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागली में विश्व जनसंख्या दिवस पर शुक्रवार को कार्यशाला आयोजित की गई। बीएमओ डा.हेमन्त पटेल ने मां सरस्वती के चित्र पर माला अर्पण कर कार्यशाला की शुरुआत की।इस अवसर पर डा .पटेल द्वारा बताया गया कि विश्व जनसंख्या दिवस हर साल 11 जुलाई को वैश्विक जनसंख्या वृद्धि से जुड़ी चुनौतियों और अवसरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1989 में स्थापित, यह दिवस परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, गरीबी, मातृ स्वास्थ्य और सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करता है। अब जब वैश्विक जनसंख्या अरबो से अधिक हो गई है। तब विश्व जनसंख्या दिवस हमें यह सुनिश्चित करने की हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी की याद दिलाता है कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रजनन एवं पारिवारिक जीवन के बारे में उचित निर्णय लिए जाए। इस अवसर पर बीईई आर एस चौहान द्वारा भी विश्व जनसंख्या दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बढ़ती हुई जनसंख्या के दुष्परिणाम भी बताए गए। शासन का उद्देश्य इस अभियान को चलाकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना है। यह अभियान 11 जुलाई से 11 अगस्त 2025 तक स्थिरता माह के रूप में चलाया जाएगा। इस अभियान में योग्य दंपति को अस्थाई एवं स्थाई साधन की सेवाएं प्रदाय की जाएगी। विकासखंड बागली में प्रत्येक गुरुवार को सीएचसी बागली, हॉट पिपलिया में विशेष नसबंदी शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में पुरुष एवं महिलाओं को निःशुल्क नसबंदी की सेवाएं दी जाएगी। अस्थाई साधन में आशा, एएनएम, एमपीडब्ल्यू अभियान के दौरान घर-घर जाकर निरोध, ओरल पिल्स, छाया गोली का वितरण योग्य दंपति को किया जाएगा। कार्यशाला में आनन्द गोयल, शहजाद खां, भगत सिंह राठौर, अनिल जोशी, संजय जोशी, मेहरू सिह वास्केल बडी संख्या मे एएनएम, सीएचओ, आशा सहयोगी एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन नन्दकिशोर मोहवाल, आभार अनिल जोशी ने माना।

AMALTAS INSTITUTE OF ALLIED AND REHABILITATION SCIENCES
(Unit Of Amaltas University, Dewas)
प्रवेश प्रारंभ 2025-2026
"समय पर परीक्षा, गुणवत्ता की परिभाषा" – अमलतास यूनिवर्सिटी की पहचान!
अब पायें सुनहरा अवसर कक्षा 12वी के बाद ही
B.Sc.CL. PSY.(Hons.)
बी.एससी. क्लिनिकल साइकोलॉजी
4 वर्षीय डिग्री कोर्स
B.A.S.L.P.
बैचलर ऑफ ऑडियोलॉजी और स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी
4 वर्षीय डिग्री कोर्स
ISITEP (HI)
एकीकृत विशेष और समावेशी शिक्षक शिक्षा प्रोग्राम (श्रवण बाधित)
3 वर्षीय डिग्री कोर्स
ISITEP (ID)
एकीकृत विशेष और समावेशी शिक्षक शिक्षा प्रोग्राम (बौद्धिक अक्षमता)
3 वर्षीय डिग्री कोर्स
PDCP
क्लिनिकल मनोविज्ञान में व्यावसायिक डिप्लोमा
1 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स


"पढ़ाई पूरी, नौकरी पक्की– प्लेसमेंट सुनिश्चित!"

हॉस्टल और बस सुविधा उपलब्ध
शासन द्वारा छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध है।
(एस.सी./एस.टी. एवं ओबीसी छात्रों के लिए)
उज्जैन देवास हाईवे, ग्राम बांगर जिला देवास 455001
Call : 96857 74637, 9770827806

## खबर संक्षेप

### बूथ लेवल ऑफिसर्स का प्रशिक्षण आयोजित

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के सुधार एवं बूथ लेवर ऑफिसर्स की शंकाओं का समाधान करने के उद्देश्य से जिले में सभी बीएलओ के प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आष्टा में बूथ लेवल ऑफिसर्स के प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी बीएलओ को मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना, संशोधन करना सहित अन्य बिंदुओं के बारे में विस्तार से जानकरी दी गई। इसके साथ ही सभी को बीएलओ के दायित्वों के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण के बाद आयोग द्वारा बनाई गई लिंक के माध्यम से सभी बीएलओ की ऑनलाइन परीक्षा भी आयोजित कराई गई।

### ओटीआर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

**सीहोर।** कक्षा नौवीं से कॉलेज स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक अथवा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता है और जिनके परिवार की वार्षिक आय सीमा 2 लाख 50 हजार से कम है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को एक बार ओटीआर नम्बर प्राप्त करने के पश्चात भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नम्बर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ मिल सकेगा तथा फिर से ओटीआर कराने की आवश्यकता नही होगी। विद्यार्थी को 30 जुलाई से पहले अपना ओटीआर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। ओटीआर के लिए विद्यार्थी के आधार नंबर से मोबाइल नंबर एवं बैंक खाता लिंक होना अनिवार्य है।

### पटाखा साइलेंसर वाली बुलेट जब्त, लगा जुर्माना

**आष्टा।** थाना आष्टा पुलिस ने बुधवार रात गश्त के दौरान एक बुलेट मोटरसाइकिल जब्त की। बाइक में पटाखा साइलेंसर लगा था। चालक मुकेश पिता गोरेलाल बंजारा, निवासी पचोर जिला राजगढ़, इस सायलेंसर से शहर में तेज आवाज कर ध्वनि प्रदूषण फैला रहा था। इससे लोगों में डर और अशांति का माहौल बन रहा था। थाना प्रभारी गिरीश दुबे के नेतृत्व में कार्रवाई की गई।


### बीईओ ने हरिभूमि की खबर पर लिया संज्ञान, आदेश किए जारी

# शिक्षक अब अपनी मूल संस्था में ही करेंगे शैक्षणिक कार्य, अटैचमेंट किए समाप्त

कार्यालयों में बाबूगिरी कर रहे शिक्षक अब अपनी मूल संस्था में छात्र-छात्राओं को पढ़ाएंगे। अटैचमेंट के कारण बच्चों की पढ़ाई हो रही थी प्रभावित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ग्राम खड़ी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक हर रोज स्कूल में आकर हाजरी रजिस्टर पर हस्तक्षकर करने के बाद रोजाना कहीं गायब हो जाते थे, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर खासा असर पड़ पड़ रहा था। इस तरह के हालात क्षेत्र में अन्य जगह भी बने हुए थे। इस मामले को हरिभूमि ने गंभीरता उठाया और 9 जुलाई को ग्राम खड़ीहाट के स्कूल के एक शिक्षक को बीईओ कार्यालय में बाबूगिरी करने की खबर को प्रकाशित किया। खड़ीहाट विद्यालय का जायजा लेने के दौरान हरिभूमि संवाददाता को स्कूल के प्रभारी सतीश कुमार वर्मा ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में 7 शिक्षक पदस्थ हैं, जिनमें से सीताराम वर्मा बीईओ ऑफिस में अटैच हैं। इस मामले को लेकर हरिभूमि ने 9 जुलाई को ग्राम खड़ी के स्कूल में पदस्थ शिक्षक बीईओ कार्यालय में देख रहे एकाउंटेंट का काम शीर्षक से खबर को प्रमुखता से प्रकाशित कर स्कूल के हालातों को लेकर जिम्मेदारों को भी अवगत कराया था। जिसके बाद जागे शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों ने 10 जुलाई को आदेश जारी कर वही सभी शिक्षक जो मूल संस्था में सेवा न देकर अन्य जगह सेवा दे रहे थे, उन्हे अपनी उपस्थिति मूल संस्था में देने को लेकर आदेश जारी किए है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी आदेश के तहत आदेश दिया गया कि ऐसे शिक्षक जो प्रतिनियुक्ति पर नहीं है, वह अन्य संस्था में गैर शैक्षणिक कार्य में कार्यरत हैं ऐसे कर्मचारियों को अपनी मूल संस्था में उपस्थिति देने हेतु निर्देशित किया है। अगर इस आदेश पर सही तरीके से अमल में लाया जाए तो सरकारी स्कूल में अध्यन करने वाले विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा, और परीक्षा परिणाम भी सुधर जाएंगे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि जो शिक्षक अन्य जगह कार्य कर रहे है, उन्हे अपने मूल पदस्थापना वाली जगह पर शैक्षणिक कार्य करने के आदेश जारी किए हैं।


935

कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकास खण्ड आष्टा
जिला सीहोर म0प्र0 466116

क्रमांक/433/स्था./2025 आष्टा,दिनांक 10.7.2025

प्रति,
समस्त संकुल प्राचार्य
विकासखण्ड आष्टा

विषयः- समस्त शिक्षकों को अपनी उपस्थिति मूल संस्था में देने के संबंध में।

उपरोक्त विषय अनुसार आपको आदेशित किया जाता है कि ऐसे शिक्षक जो प्रतिनियुक्ति पर नही है वह अन्य संस्था में गैर शैक्षणिक कार्य में कार्यरत है ऐसे कर्मचारीयों को अपनी मूल संस्था में उपस्थिति देने हेतु निर्देशित करें यह आदेश प्रभारी जन शिक्षकों को पर भी लागू होगा।

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी
विकासखण्ड आष्टा

पृ.क्रमांक/434/ 2025 आष्टा,दिनांक 10.07.2025
प्रतिलिपिः-
01. श्रीमान कलेक्टर महोदय जिला सीहोर की ओर सादर सूचनार्थ।
02. श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व आष्टा की ओर सादर सूचनार्थ।
03. श्रीमान जिला शिक्षा अधिकारी महोदय जिला सीहोर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी
विकासखण्ड आष्टा

खबर का असर


स्कूल में पदस्थ शिक्षक बईओ में अटैच, ऐसे कैसे सुधरेगा शिक्षा का स्तर

ग्राम खड़ी के स्कूल में पदस्थ शिक्षक बीईओ कार्यालय में देख रहे एकाउंटेंट का काम

ग्राम खड़ी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 7 शिक्षक पदस्थ हैं। हरिभूमि पड़ताल में दो शिक्षक मिले नदारद, एक बीईओ में देख रहे अकाउंटेंट का काम, दूसरा शिक्षक मेडिकल लीव पर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हरिभूमि जांच-पड़ताल

# भगवान महावीर स्वामी की वीर शासन जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जैन धर्म के अंतिम शासन नायक चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की वीर शासन जयंती श्रावण कृष्ण एकम शुक्रवार 11 जुलाई को जैन समाज द्वारा बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। श्री चंद्र प्रभु मंदिर समिति के राजेंद्र गंगवाल एवं अंकित जैन ने बताया कि वीर शासन जयंती - दिव्य ध्वनि जयघोष आज ही के दिन हुआ था। उन्होंने बताया कि जिस दिन भगवान के मुख से दिव्य ध्वनि खिरती है उसी दिन से उन तीर्थंकर का शासनकाल प्रारंभ होता है।जब तक आगामी तीर्थंकर की दिव्य ध्वनि नहीं खिरती तब तक वर्तमान शासन नायक का ही शासन चलता है। तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के शासन में प्रवर्त रहे हैं।

गंगवाल ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी को केवल्य ज्ञान होने के 66 दिन बाद वीर - वाणी का जयघोष विपुलाचल गिरी पर हुआ था। उसके बाद लगातार 30 वर्षों तक भगवान की दिव्य ध्वनि 18 महाभाषा और 700 लघु भाषा में खिरने लगी। प्रतिदिन दिन में 3 बार 6-6 घड़ी के लिए खिरती थी।एक घड़ी 24 मिनट। श्री गंगवाल ने बताया कि तीर्थंकर वह होते हैं जो केवलज्ञान होने के पश्चात समवशरण धर्म सभा में दिव्य ध्वनि से धर्म का उपदेश देते हैं। तीर्थंकर ऋषभदेव से तीर्थंकर पार्श्वनाथ तक 23 तीर्थंकरों ने केवलज्ञान प्राप्त कर धर्म का उपदेश दिया। धर्म का उपदेश देना प्रभावना कार्य है। जब तक धर्म उपदेश चलते हैं वह धर्म प्रभावना काल है। धर्म प्रभावना काल को शासन भी कहते हैं। वर्तमान में चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का शासन काल है, जिन्हें वीर कहते हैं। भगवान महावीर के उपदेश देने की तिथि को वीर शासन जयंती कहते हैं। समवशरण अर्थात धर्म सभा, जहां सभी स्वर्ग के देव, मनुष्य, स्त्री, पशु-पक्षी जीवों को मुक्ति मार्ग को सुनने का समान अवसर मिलता है। भगवान महावीर की दिव्य ध्वनि 66 दिन तक नहीं खिरी क्योंकि उनके गणधर जो दिव्य ध्वनि को ग्रहण करते हैं, वह उपस्थित नहीं थे।

गौतम स्वामी और उनके 500 शिष्य भगवान महावीर स्वामी के समवशरण में आए और दिगंबर साधु बनकर भगवान के प्रमुख गणधर बन गए तब से भगवान की दिव्य ध्वनि खिरने लगी और उनका शासन प्रारंभ हुआ। भगवान का अहिंसा वाला धर्म शासन अनंत जीवों को मुक्ति का कारण बनता है। जिससे आज भी धरती पर मानवता टिकी हुई है। भगवान महावीर की दिव्य ध्वनि से निकली वाणी ही जिनवाणी है। जिसके ज्ञान से आज भी हम सब धर्म और मोक्ष मार्ग समझ रहे हैं। भगवान की वाणी, जिनवाणी ही उनका शासन है।जिसे पढ़ना, समझना और जीवन में उतारना एवं प्रचार करना हमारा परम कर्तव्य है।

# जागे लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार सड़क मरम्मत का काम किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



बारिश के दिनों में ग्राम बमुलिया रायमल की सड़के गड्ढों में बदल जाती है, वहीं सड़क किनारे बने स्कूल के पास गड्ढों के कारण बच्चों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसी समस्या को लेकर हरिभूमि ने लापरवाही के कारण कीचड़ भरे गड्ढों में तब्दील हुई सड़क, स्कूल के बच्चों को हो रही परेशानी को लेकर प्रमुखता से खबर का प्रकाश किया था। साथ ही गांव की सड़क की जर्जर हालत को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को भी अवगत कराया था। खबर प्रकाशन के बाद पिडब्ल्यूडी विभाग द्वारा लोक निर्माण विभाग ने सड़क में हो रहे गड्ढों को भरने मुरम डलवाकर मरम्मत का काम शुरू कर दिया। वही सड़क निर्माण को लेकर भी नियम अनुसार प्रक्रिया भी तेज की गई। फिलहाल बारिश के दिनों में सड़क की मरम्मत होने से आम जन और स्कूल के बच्चों को आवाजन में आसानी होगी।

खबर का असर


लापरवाही के कारण कीचड़ भरे गड्ढों में तब्दील हुई सड़क, स्कूल के बच्चों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

### जिलाध्यक्ष बने राजकुमार राठौर

**सीहोर।** अखिल भारतीय तेली महासभा हिन्दु तेली समाज का एक सशक्त राष्ट्रीय संगठन है। संगठन के राष्ट्रीय महिला संरक्षक यशोदा बेन मोदी, राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक तेली रविकरण साहु, राष्ट्रीय अध्यक्ष तेली बाबुलाल राठौर, म.प्र. प्रभारी तेली गिरधारी लाल राठौर, मप्र संरक्षक तेली हिरालाल बलसोरा, राष्ट्रीय महासचिव रामलक्ष्मण साहु, प्रदेश महासचिव तेली समरथ साहु एडवोकेट की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष तेली राधेश्याम अस्तोलिया द्वारा राजकुमार राठौर को सीहोर जिला युवा अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है। संगठन के प्रति राजकुमार राठौर सेवा भावना, कर्मठता, जागरूकता एवं कर्तव्यनिष्ठा को दृष्टिगत रखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही आशा व्यक्त की गई है कि कि आप सच्ची निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे।

# णमोकार महामंत्र बोलने से कई कर्मों की निर्जरा होगी, धर्म का रथ श्रावक और संतों से ही आगे बढ़ेगा : सानंद सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



णमोकार महामंत्र बोलने से कई कर्मों की निर्जरा होगी। जब मंदिर जी में कोई पूजन कर रहा हो, सामूहिक स्वाध्याय चल रहा हो तो तेज आवाज में घंटी न बजाए ,आवाज के शोर से सभी का ध्यान भटक जाएगा और आपको अंतराय कर्म का बंध होगा इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए।मंदिर में ऐसा उच्चारण करें जिससे दूसरे को विघ्न न हो।ऐसा बोलें की आपको ही सुनाई दे।अज्ञानता वश अहंकार से गलत शब्द नहीं बोले, स्वप्न में भी ऐसा नहीं करें। मन, वचन और काया से क्षमायाचना क्यों करते हैं, किसी बोल से अपनी व दूसरे की दुर्गति न हो। ऐसा सानिध्य प्राप्त करें जिससे अभी और भविष्य अच्छा व्यतीत हो। पाप छोड़ने योग्य है और पुण्य अधिक बढ़ाने के लिए पुण्य छोड़ना नहीं।

श्रावक का प्रथम कर्तव्य देव पूजन है। धर्म का रथ श्रावक और संतों से ही आगे बढ़ेगा।कल का भरोसा नहीं, इसलिए समय पर काम करें। अपनी आत्मा का कल्याण करें। वीतरागता के उपासक हो तो रागी के पास नहीं जाना चाहिए।रागी को भगवान जैसे नहीं मानें। नारकीय और देवों की संतान नहीं होती है, सांसारिक की संतान होती है। वीतरागता को पूजें। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सानंद सागर ने आशीष वचन देते हुए कही। आपने कहां गुरु नाम गुरु आचार्य विद्यासागर जी से हमे इतना मिला कि किसी ओर की जरूरत नही।आचार्य श्री आर्जव सागर जी से हमें संस्कार मिले है।कोई भी क्रिया करो ऐसी करो जिससे कि हमसे किसी को किसी प्रकार का कष्ट न हो। मुनिश्री सानंद सागर जी ने कहा भोजन को औषधि बनाए,देव दर्शन इसलिए करते हैं प्रभु आपने जो प्राप्त किया है वह हमें भी प्राप्त हो। हमारी आत्मा नवनीत मक्खन की तरह है। सम्यकदृष्टि और मिथ्या दृष्टि में आपने अंतर समझाया। हम आत्मा के कल्याण की बात बोलते हैं। संसार छोड़ने के लिए पुरुषार्थ करना पड़ता है। कुछ शास्त्र पढ़कर अपने आपको ज्ञानी मानते हो तो गलत है।जो ज्ञान है, उससे अधिक ज्ञान वाले हैं, आज भी अज्ञानता है और ज्ञान प्राप्त करें,ज्ञान के विपासु बनकर आत्म कल्याण करें।

अपने विवेक का उपयोग करें।आप लोग वीतरागता के उपासक हो,आप रागी व्यक्ति के पास जा रहें हों, अभी तो वह खुद दुर्गति की ओर बढ़ रहा है तो वह आपका क्या भला करेंगा। जहां कपड़ा वहां लफड़ा। हमने कपड़े नहीं छोड़े जब तक बहुत विकल्प आते थे, कपड़े छोड़ कर संयम के मार्ग पर अग्रसर हुए तब से कोई विकल्प नहीं आया।पुरुषार्थ सही दिशा में करें, मायाचारी करने वाले की दुर्गति ही होती है, मायाचारी नहीं करें,जिस कुल में हो उसके कर्तव्य का पालन करें। मुनिश्री सानंद सागर जी ने कहा घर से मंदिर के भाव रखकर आएंगे तो वहीं से पुण्य अर्जित होने लगेगा। उठकर सबसे पहले नो बार अपने ह्रदय में णमोकार महामंत्र को बसा लो। किसी भी परिस्थिति में हो पंच परमेष्ठि का स्मरण करें।

मुनिश्री सानंद सागर ने कहा कि अभी तक हमने संसार में क्या किया उसी को लेकर नही उससे आगे का लक्ष्य बनाए। भूतकाल में आप ने कुछ अच्छा किया होगा जो आज हमें मनुष्य पर्याय और जैन कुल मिल गया। सच्चे देव, शास्त्र ,गुरु की शरण मिल गई। जिसका वर्तमान उज्जवल होगा उसका भविष्य भी उज्जवल होगा। सबसे पहले देवदर्शन की विधि सीखे, रूढ़विादी से हमारे पूर्वज जो करते आये वह नही जो समीचीन मार्ग विधि हो उसे समझे जैसा भगवान ने किया वैसा हम करते नही, इस लिए आज तक हमे सुख -शांति नही मिली ।यह जीव अनंत काल से संसार में परिभ्रमण कर रहा है अभी हम परम्परा का निर्वहन कर रहे हैं। अपना विवेक नही लगा रहे हैं। भगवान पद्मासन मुद्रा लगा कर हाथों पर हाथ रख कर बैठ गए है ।नासा दृष्टि से अपने अंदर के परिणामो को देखकर ही केवल्य ज्ञान प्राप्त कर लेते है। विपरीत चलेंगे तो मोक्ष मार्ग प्राप्त नही हो सकता। मन वचन काय की एकता से ही मोक्ष मार्ग प्राप्त हो सकता है। भव्य आत्मा कहती है कि जब जागो तब सवेरा, अब जाग जाओ हम जगाने आए हैं। चतुर्मास हमें जगाने आया है, नींद से उठ कर धर्म -ध्यान में मन लगाओ, भविष्य उज्जवल होगा। किला मंदिर पर प्रति दिन प्रातः 8:15 बजे आचार्य श्री की महामांगलिक पूजन, 8:30 बजे मुनि द्वय के मंगल प्रवचन होंगे।

# अधिवक्ता परिषद तहसील ईकाई ने गुरु पूर्णिमा के पर्व पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अधिवक्ता परिषद तहसील ईकाई आष्टा ने गुरु पूर्णिमा का पर्व वरिष्ठ अधिवक्ताओं का स्वागत एवं सम्मान कर मनाया। तहसील ईकाई के अध्यक्ष रामेश्वर धनगर उपाध्यक्ष जीवन सिंह खजुरिया ने बताया कि आज गुरु पूर्णिमा पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं जो की हमारे कार्य क्षेत्र में हमारे गुरु है वरिष्ठ अधिवक्ता नगीन चंद जैन साहब, रुप सिंह ठाकुर भाईसाहब,सौभाग्य सिंह ठाकुर, कान्ति लाल जोशी, नरेन्द्र शर्मा, विजेन्द्र सिंह ठाकुर का माला एवं अपर्णा पहनाकर श्रीफल भेंटकर कर स्वागत एवं सम्मान कर सभी कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

अभिभाषक संघ आष्टा के युवा अभिभाषक अक्षत पाठक का जन्मदिन मनाया गया। सभी ने स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर निलेश कुमार शर्मा एडवोकेट, जितेन्द्र दुबे, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कृपाल सिंह ठाकुर, सचिव कुलदीप शर्मा, सीताराम परमार, बाबू लाल परमार, योगेन्द्र सिंह ठाकुर, भुपेश जामलिया, दिनेश सोनी, अक्षत पाठक, आशीष जौशी, जीवन नागलिया सहित अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

### सकल हिंदू समाज अध्यक्षों ने सर्वसम्मति से कार्यकारी अध्यक्ष को किया नियुक्त

# सकल अध्यक्षों ने कार्यकारी अध्यक्ष का पूर्व पार्षद को दिया पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के काछी मोहल्ला स्थित राधा कृष्ण मंदिर पर कुशवाहा समाज ने सकल हिंदू समाज के अध्यक्षों द्वारा सर्वसम्मति से सकल समाज का कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाहा का स्वागत समारोह आयोजित किया। स्वागत आयोजन में सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्णा एवं श्रीराम जी की पूजन अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया तथा ढोल नगाड़ों के बीच भगवान लव कुश के जयकारो के साथ सकल हिन्दू समाज के अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव और सर्वसम्मति से कार्यकारी अध्यक्ष चुने गए नरेंद्र कुशवाहा का पुष्प माला एवं साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। कुशवाहा समाज ने आतिशबाजी चलाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।

इस अवसर पर नरेंद्र कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कुशवाह समाज के जिला अध्यक्ष के रूप में मेरा जितना दायित्व कुशवाह समाज के लिए है उतना ही सकल हिंदू समाज के लिए है। हम सनातन परंपरा के सभी धार्मिक आयोजनों को भव्य रूप से संपन्न करने का प्रयास करेंगे तथा मिलजुल कर हिंदू समाज को एकता के सूत्र में बांधे रखेंगे। नरेंद्र कुशवाह ने सभी समाज जन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में चल रही रूढ़िवादी प्रथा को समाप्त करने के लिए और समाज को उच्च शिखर पर ले जाने के लिए हम संकल्पित हैं इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी प्रकाश कुशवाहा मामा, लव कुश जयंती अध्यक्ष महेन्द्र कुशवाहा, जिला युवा संगठन उपाध्यक्ष गोपाल कुशवाहा,राम कुशवाहा, सेवाराम कुशवाहा, मोहनलाल कुशवाहा सरपंच, अभिषेक, लोकेश, शुभम, विशाल, मोहित , विजय कुशवाहा, गौतम कुशवाहा, कीर्तन कुशवाहा, ललित कुशवाहा, सौरभ कुशवाहा, प्रेम नारायण कुशवाहा, राधेश्याम कुशवाहा, पवन कुशवाहा, सचिन कुशवाहा, सुशील कुशवाहा, लाखन सेन, सिध्दांत जयसवाल, कन्हैया लाल शर्मा, हेमराज कुशवाहा, अमरचंद कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, भागीरथ कुशवाहा, घनश्याम कुशवाहा, केसरी माल कुशवाहा, धन्नालाल कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा आदि ने कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह एवम सकल हिन्दू समाज के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

# मार्टिनेट विद्यालय में विद्यार्थी कैबिनेट के गठन के लिए हुई वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास हो तथा वे भविष्य में किसी भी पद के कर्तव्य पालन में श्रेष्ठ सिद्ध हो सकें। इसी उद्देश्य को लेकर विद्यालयों में स्टूडेण्ड कैबिनेट का गठन किया जाता है। इसी प्रक्रिया के तहत मार्टिनेट विद्यालय, अलीपुर आष्टा में आज सीनियर और जूनियर कैबिनेट के गठन के लिए वोटिंग सम्पन्न की गई। सीनियर कैबिनेट के गठन के लिये कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने हेड बॉय, हेड गर्ल सहित अन्य पदो के लिये अपने वोट का प्रयोग किया जबकि जूनियर केबिनेट के गठन के लिए कक्षा 5 से 8 तक के विद्यार्थियों नें अपने वोट का प्रयोग किया। साथ ही शिक्षिक-शिक्षिकाओं द्वारा भी वोटिंग की गई।

विद्यालय के मैनेजर विनीत कुमार त्रिवेदी नें सभी विद्यार्थियों को सही प्रत्याशी को वोट देने का महत्व समझाया वहीं वोटिंग बूथ अधिकारी के रूप में विद्यालय की प्रिंसिपल प्रीति त्रिवेदी, अकेडमिक इंचार्ज अतुल सुराणा एवं शिखा तिवारी कंप्यूटर ऑपरेटर कुशल भूतिया तैनात रहे और निष्पक्ष रहते हुए वोटिंग प्रक्रिया को सम्पन्न करवाया ताकि एक सुदृढ़ स्टूडेण्ट कैबिनेट का गठन किया जा सके। वोटों की गिनती करके शीघ्र ही परिणाम घोषित किये जायेंगे और चुने गये विद्यार्थी पदाधिकारियों का शपथ समारोह आयोजित कर उन्हें उनके पद और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई जाएगी।

## अधिकारियों को बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए किया निर्देशित

# लोक कल्याण शिविर में मंत्री पंवार ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, निवारण भी किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने शुक्रवार को ग्राम नापानेरा में आयोजित खंड स्तरीय लोक कल्याण शिविर में ग्रामीणों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ गहन चर्चा की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और त्वरित निवारण करने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर विभिन्न सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला, जिनका उद्देश्य ग्रामीण विकास को गति देना है। जनता तक सरकारी सेवाओं और कल्याणकारी योजनाओं को सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में नापानेरा और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

अपनी बातचीत के दौरान, मंत्री पंवार ने ग्रामीण समुदायों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार की अटूट प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, पंचायत विभाग और बुनियादी ढाँचे जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में चल रही प्रमुख पहलों पर अधिकारियों से बातचीत कर उन्हें जनता तक पहुंचने के लिए कहा और ग्रामीणों से इन लाभकारी कार्यक्रमों का पूरा लाभ उठाने का आग्रह किया।

### अधिकारियों से बोले मंत्री - शिविर का मतलब 50 प्रतिशत समस्याएं तुरंत हो खत्म

मंत्री पंवार ने इस दौरान अधिकारियों और ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि शिविर का अर्थ है कि 50 प्रतिशत समस्याओं का समाधान तुरंत शिविर में होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार, जनता की सरकार है जो लोगों की समस्याओं का समाधान उनके दरवाजे पर जाकर करती है, मैं अधिकारियों से कहना चाहता हूं कि आप लोग समस्याओं का निवारण करें, इस क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को सरकारी योजनाओं से संबंधित किसी प्रकार की समस्या नहीं रहनी चाहिए।

### विद्यार्थियों को वितरण की गई साइकिल

कार्यक्रम के दौरान मंत्री पंवार ने 37 विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल वितरण की व विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान पूर्व राज्य मंत्री बद्रीलाल यादव, मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चैहान, नारायण सिंह सालरीयाखेड़ी, मानसिंह राजपूत, सरपंच धापू बाई, एसडीएम गीतांजलि शर्मा, जनपद सीईओ आर के मंडल सहित जनप्रतिनिधि संबंधित अधिकारी एवं ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

## अस्पताल आने वाले मरीजों को होती है खासी परेशानी

# सुविधा की जगह दुविधा बने अस्पताल रोड पर निर्मित ब्रेकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



स्थानीय जिला अस्पताल के पहुंच मार्ग पर तेज गति से वाहन चलाने वालों पर नकेल कसने नगर पालिका ने कई स्थानों पर स्पीड ब्रेकरों का निर्माण करवाया है। लेकिन, ये स्पीड ब्रेकर सुविधा से ज्यादा दुविधा लगने लगे हैं। ऑटो, एम्बुलेंस सहित अन्य वाहनों से अस्पताल लाए जाने वाले मरीजों, हादसे में घायल हुए लोगों के लिए ये ब्रेकर एक बड़ी परेशानी बने हुए हैं।

बेहद कम स्लोप और ऊंचाई वाले इन खड़े स्पीड ब्रेकरों के कारण हड्डी से जुड़ी समस्या वाले मरीजों, प्रसूताओं व अन्य मरीजों को काफी परेशानियां उठानी पड़ती हैं। नगर पालिका ने जब इन स्पीड ब्रेकरों का निर्माण करवाया था उस समय भी स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया था। इसके बावजूद इन ब्रेकरों को नहीं हटवाया गया है। विभिन्न वाहनों से अस्पताल लाए जाने वाले मरीजों की सहुलियत और स्वास्थ्य को देखते हुए आमजनों ने नगर पालिका से मांग की है कि इन ब्रेकरों को हटवा दिया जाए।

### बनवाए जा सकते हैं स्लोप वाले ब्रेकर

*अस्पताल मार्ग पर तेज गति से वाहन चलाने वालों पर अंकुश लगाने की यदि बात है तो यहां ज्यादा स्लोप एवं कम ऊंचाई वाले ब्रेकर भी बनवाए जा सकते हैं। इन ब्रेकरों से मरीजों व अन्य लोगों को उतनी परेशानी नहीं होगी जितने वर्तमान में लगे ब्रेकरों से हो रही है।*

# कुंडालिया पेयजल समूह योजना की पाइपलाइन को अज्ञात व्यक्ति ने किया क्षतिग्रस्त



**जीरापुर।** कुंडालिया पेयजल समूह योजना अंतर्गत मल्हारपुरा एमबीआर की पाइपलाइन को अज्ञात व्यक्ति ने क्षतिग्रस्त कर दिया। कुंडालिया पेयजल समूह योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन को अज्ञात व्यक्ति द्वारा जानबूझकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे क्षेत्र में जल आपूर्ति बाधित हो गई है। यह घटना प्रशासन के लिए चिंता का विषय बन गई है, क्योंकि इससे न केवल आमजन को असुविधा हुई है, बल्कि सरकारी संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा है। जल निगम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य प्रारंभ करने के लिए निर्देशित कर दिया है तथा अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घर में घुसकर बुरी नीयत से छेड़छाड़ करने पर दोषी को 1 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



सारंगपुर न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पीठासीन अधिकारी चितेंद्र सिंह सोलंकी ने न्यायालय में प्रचलित प्रकरण क्रमांक 100/2025 अंतर्गत धारा 354,451,323 भारतीय दंड संहिता एवं धारा 7 सह पठित धारा 8 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 से उद्भुत प्रकरण में अभियुक्त विष्णु पिता राम सिंह अहिरवार निवासी ग्राम भ्याना थाना लीमा चौहान को धारा 354 भारतीय दंड संहिता में एक वर्ष का कारावास एवं 5000 रुपए के अर्थ दंड एवं धारा 451 भारतीय दंड संहिता में 6 माह के कठोर कारावास एवं 1000 के अर्थ दंड एवं धारा 323 भारतीय दंड संहिता में तीन माह का कठोर कारावास एवं 1000 जुर्माना से दंडित किया। घटना की जानकारी देते हुए शासन की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त लोक अभियोजक शिव प्रसाद शर्मा ने बताया कि घटना 25 जून 2024 की रात्रि करीब 1 बजकर 30 बजे घर के अंदर कमरे में पीड़िता सो रही थी नींद में उसे लगा कि किसी ने उसके पैर पकड़ लिए। अचानक उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसके घर के सामने रहने वाला विष्णु पिता राम सिंह ने बुरी नीयत से उसके पैर पकड़ रखे थे उसने चिल्ला चोट की तो उसके भाई बहन उठ गए। उन्होंने विष्णु को पकड़ने की कोशिश की तो वह छूट कर भागने लगा। हाल में उसकी दादी सो रही थी जो चिल्ला चोट की आवाज सुनकर उठ गई उन्होंने विष्णु को पकड़ने की कोशिश की तो विष्णु ने उसकी दादी के साथ मारपीट की जिससे पीड़िता की दादी को होठ एवं शरीर के अन्य भाग पर चोट आई और विष्णु वहां से भाग गया पीड़िता ने थाना लीमा चौहान में प्रथम सूचना रिपोर्ट लिखाई।

## 20 किलो अमानक पॉलिथीन के साथ दुकानदारों से वसूला जुर्माना

# नपा अमले ने दुकानदारों से जब्त की पॉलिथीन


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



बुधवार शाम नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनेरे के नेतृत्व में पॉलिथीन जब्ती की कार्रवाई कर अभियान की शुरुआत की। इस कार्रवाई के दौरान, नगर पालिका के अधिकारियों ने दुकानदारों से पॉलिथीन जब्त की और जुर्माना भी वसूला। यह कार्रवाई सारंगपुर में पॉलिथीन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के लिए की गई। नगर पालिका के अधिकारियों ने बताया कि पॉलिथीन पर्यावरण के लिए हानिकारक है और इसके उपयोग को रोकने के लिए यह कार्रवाई की गई है।

इस दौरान दुकानदार व व्यापारियों को पॉलीथिन, सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने की सलाह दी गई। शहर में अमानक पॉलिथीन के विरुद्ध सीएमओ सुनहरे के नेतृत्व में नपा दल ने भेरू दरवाजा रोड, नजीमाबाद मार्केट और पेट्रोल पंप चैराहा की दुकानों का निरीक्षण किया। टीम ने कई दुकानों से अमानक पॉलिथीन जब्त की। दुकानदारों से 40 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला गया। वहीं कुछ दुकानदार पहले से ही कपड़े की थैली का उपयोग करते हुए पाए गए। दो घंटे चली इस संघन कार्रवाई में विक्रेता उपभोक्ताओं के खिलाफ 1000 से 5000 रुपए के चलान बनाए गए। इस कार्रवाई में नगर पालिका के कर्मचारियों ने दुकानदारों से लगभग 20 किलो पॉलिथीन जब्त की चालीस हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला। नपा दल ने दुकानदारों को पॉलिथीन के बजाय कपड़े की थैली का उपयोग करने की हिदायत दी। यह कार्रवाई पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए की गई। सीएमओ ज्योति सुनहरे ने बताया कि नपा द्वारा समय समय पर पॉलिथीन विक्रय पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी।

# डंपर ने बाइक में मारी टक्कर नगर के युवक की मृत्यु



**राजगढ़।** नगरीय सीमा से होकर निकले बाइपास पर शुक्रवार दोपहर हुए सड़क हादसे में नगर का एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार उपरान्त उसे भोपाल रेफर कर दिया गया। एम्बुलेंस के ब्यावरा पहुंचते-पहुंचते युवक ने दम तोड़ दिया।

### ऐसे हुआ हादसा

मेन मार्केट में सोल्डर क्लब के समीप निवासी अंकित पिता स्वर्गीय संतोष परमार उम्र 29 वर्ष अपनी बाईक से खिलचीपुर नाके तरफ से नाका नंबर-3 की तरफ आ रहा था। इस दौरान बाईपास पर बैंक ऑफ बड़ोदा के सामने पीछे से आ रहे डंपर क्रमांक एमपी-39 एच-3748 ने बाइक में टक्कर मार दी एवं डंपर का टायर अंकित की कमर के ऊपर से निकल गया। हादसे के बाद मौके पर एकत्रित युवकों अमित सोनी, नयन विजयवर्गीय सहित अन्य ने घायल अंकित को ऑटो से तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार उपरान्त उन्हें भोपाल रेफर कर दिया। एम्बुलेंस से भोपाल ले जाते समय अंकित की सांसे उखड़ती देख परिजन ब्यावरा अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में पोस्टमार्टम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया गया। चर्चित युवा की अकस्मात मृत्यु से नगर में शोक की लहर दौड़ गई।

## खिलचीपुर में उल्टी, दस्त के अनेक मरीज मिलने पर कार्रवाई

# खाद्य एवं औषधी प्रशासन ने बंद करवाए 2 चिल्ड वाटर प्लांट, लाइसेंस भी नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




खिलचीपुर नगर सहित आसपास के क्षेत्र में उल्टी-दस्त के अनेकों मरीज एक साथ मिलने पर प्रशासनिक अमला हरकत में आया है। चिकित्सकों के अनुसार दूषित पानी के सेवन के चलते इतने अधिक मरीज सामने आए हैं। ऐसे में खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग की टीम द्वारा खिलचीपुर के छापीहेड़ा नाका स्थित सांवरिया चिल्ड वाटर एवं इमली स्टैंड स्थित बालाजी चिल्ड वाटर प्लांट पर जांच की गई।

खाद्य एवं औषधी प्रशासन अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि जांच के दौरान उक्त दोनों वाटर प्लांटों से खाद्य विभाग का कोई लाइसेंस मिला और न ही किसी तरह का कोई पंजीयन संबंधी दस्तावेज मिला है। ऐसे में दोनों प्लांटों को आगामी आदेश तक बंद करवा दिया गया है। दोनों प्रतिष्ठानों से पानी की पोर्टेबिलिटी जांच करने हेतु 3 सैंपल लिए गए हैं। लैब से रिपोर्ट प्राप्त होने पर इस संबंध में आगामी कार्यवाही की जाएगी। पावक ने बताया कि दोनों प्लांटों में जिन टंकियों में पानी को ठंडा करके रखा गया था उनमें छानने के बाद भी कुछ गंदे पदार्थ नजर आने के चलते दोनों प्लांटों से आगामी आदेश तक वाटर प्रोसेसिंग एवं विक्रय रोकने की कार्यवाही की गई है।

# राजगढ़ सहित 4 जनपदों के निर्माण के लिए मिली प्रशासकीय स्वीकृति

## सवा पांच करोड़ की लागत से बनाया जाएगा प्रत्येक भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़


मध्यप्रदेश शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

राजगढ़ मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत कार्यालय समेत ब्यावरा, खिलचीपुर एवं जीरापुर में नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। अगर सबकुछ ठीक-ठीक रहा तो बहुत जल्द उक्त चारों शहरों में नवीन जनपद भवन बनकर तैयार हो जाएंगे।

ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रत्येक जनपद भवन निर्माण के लिए 5 करोड़ 25 लाख 67 हजार रुपयों की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इस तरह करीब 22 करोड़ की लागत से उक्त चारों जनपदों के भवन बनकर तैयार होंगे। हालांकि, अभी कई तरह की प्रशासनिक प्रक्रियाएं होनी है जिसके बाद टैंडर प्रक्रिया उपरान्त जनपदों के भवनों का निर्माण आरंभ होगा। क्षेत्र के मतस्य पालन राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, राज्यमंत्री गौतम टेटवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की पहल पर क्षेत्र में नवीन जनपद भवन बनाने हेतु शासन ने स्वीकृति प्रदान की है।

### जीर्ण-शीर्ण हालत में हैं वर्तमान जनपद कार्यालय

उल्लेखनीय है कि राजगढ़, ब्यावरा, खिलचीपुर एवं जीरापुर के वर्तमान जनपद पंचायत कार्यालय बेहद जीण-शीर्ण अवस्था में हैं जिसके चलते कभी भी कोई घटना हो सकती है। इसी को देखते हुए आरईएस विभाग द्वारा जारी मानक प्राक्कलन के आधार पर शासन ने निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है।

# 101 लीटर दूध से किया एसी वाले महाकाल का अभिषेक



**राजगढ़।** नगर के नेवज नदी तट स्थित ऐसी वाले महाकाल मंदिर में गुरूपूर्णिमा पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करवाए गए। मंदिर में सुबह से आरंभ हुआ पूजा-अर्चना का क्रम देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान मंदिर समिति एवं अन्य श्रृद्धालुओं द्वारा 101 लीटर दूध से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। प्रातः 8 बजे से आरंभ हुआ अभिषेक तीन घंटे तक अनवरत चलता रहा जिसके उपरान्त महाआरती एवं प्रसादी का वितरण भक्तों को करवाया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति अध्यक्ष होकम साहू, उपाध्यक्ष सुनील कुमार जोशी, श्यामलाल वर्मा, सचिव देवीसिंह विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष सतेंद्र तोमर, सुरेंद्र सिंह हाड़ा, शिव पुष्पद, ऋतु पुष्पद, हेमलता जोशी, दिनेश भिलाला सहित अनेकों श्रृद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर के आचार्य दीपक जोशी द्वारा विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन एवं अभिषेक संपन्न करवाया गया।

## बहनों ने कराया जन-जागरण दीपयज्ञ

# गायत्री शक्तिपीठ पर हुआ गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन



**ब्यावरा।** गुरुवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा गायत्री शक्तिपीठ पर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सुबह पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में विश्व कल्याण व मानव स्वास्थ्य जीवन के लिए महामंत्र, मृत्युंजय महामंत्र, महाकाल गायत्री मंत्र, महाशक्ति गायत्री मंत्र से आहुति दी गयी, साथ ही काफी संख्या में गुरु दीक्षा संस्कार हुआ। मौके पर गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान मौजूद गायत्री परिवार के साधकों ने गुरुदेव के युग निर्माण सत्संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। शाम को महिला मण्डल की बहनों द्वारा जन-जागरण दीपयज्ञ किया गया। जिसमें समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने एवं वृक्षारोपण हेतु सभी ने संकल्प लिया। दीपयज्ञ के बाद सहभोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर गायत्री परिवार के समस्त सक्रीय परिजन व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 40 मरीजों का पूर्णतः किया इलाज, नगर में होगा सर्वे

# उल्टी, दस्त के कई मरीज मिलने पर खिलचीपुर पहुंचा स्वास्थ्य अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



विगत दिवस खिलचीपुर नगर में उल्टी एवं दस्त के अनेकों मरीज मिलने पर सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल ने गुरुवार को जिला स्तरीय डॉक्टरों का एक दल गठित कर खिलचीपुर रवाना किया। दल प्रभारी सिविल सर्जन डॉ नितिन पटेल ने खिलचीपुर अस्पताल पहुंचकर मरीजों की जानकारी प्राप्त की। डॉ. पटेल के अनुसार अस्पताल में पिछले एक हफ्ते में उल्टी-दस्त के 40 मरीज भर्ती हुए थे, जिनका उपचार कर दिया गया है और अब सभी मरीज स्वस्थ्य हैं।

इसके अलावा अस्पताल में पर्याप्त दवाईयों की व्यवस्था बनाई गई और लेबोरेटरी को 24 घंटे खुला रखने के निर्देश दिए गए। डॉ पटेल ने बताया कि जितने भी मरीज अस्पताल आए थे उनकी जानकारी लेने पर पता चला कि कहीं न कहीं दूषित जल के सेवन के चलते एक साथ इतने मरीज सामने आए हैं। इस संबंध में नगर पालिका सीएमओ को नगर की समस्त पेयजल सप्लाई चैक करने एवं फूड ऑफीसर को नगर के वाटर प्लांटों के पानी के सेंपल लेकर जांच करने निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही अस्पताल के समस्त स्टॉफ को 24 घंटे आपातकालीन सेवाओं में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही खिलचीपुर अस्पताल के कर्मचारियों के अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं। जिला टीम में डीआईओ डॉ एलपी भकोरिया, सीबीएमओ डॉ पच्चीसिया, जिला महामारी नियंत्रक डॉ महेंन्द्र पाल सिंह, डॉ विशाल, डॉ मीणा, बीपीएम रामबाबू दांगी सहित अन्य स्वास्थ्य अमला मौजूद था।

### बारिश में रखना होगीं विशेष सावधानियां

जिला महामारी नियंत्रक डॉ महेंद्रपाल सिंह ने बताया कि बारिश के मौसम में खान-पान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बाहर का पानी और खाना दोनों में से कोई भी थोड़ा भी दूषित होता है तो शरीर में तुरंत बदलाव दिखाई देने लगता है और व्यक्ति चक्कर, उल्टी, दस्त और सर्दी, खांसी से पीड़ित हो सकता है।

# पर्यावरण प्रेमी दुबे की पत्नी की पुण्य तिथि पर पौधारोपण कर दी श्रद्धांजलि



**सारंगपुर।** नगर के पर्यावरण प्रेमी दल ने नगर को हरा-भरा रखने व पर्यावरण संरक्षण मुहिम के तहत नगर में पौधारोपण अभियान चलाया जाता रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पर्यावरण प्रेमी व वरिष्ठ कवि जयहिंद प्रकाश दुबे ने अपनी पत्नी सेवानिवृत प्रधान आचार्या स्व. श्रीमति चंद्रशीला दुबे की द्वितीय पुण्य तिथि पर अपने परिजनों व पर्यावरण प्रेमी दल के सदस्यों के साथ मिल कर सिविल अस्पताल परिसर मे पौधारोपण किया। वहीं नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल के मुख्य अतिथि के रुप में तथा नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संजय शर्मा ने विशेष अतिथि के रुप मे अपनी सह भागिता दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमओ डॉ. अभिलाषा चौधरी ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरती को बनाए रखने में अपना योगदान दें। वही पौधारोपण के दौरान उपस्थित जनो ने स्व. श्रीमति दुबे के दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तथा आभार अमित दुबे ने माना। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी विष्णु प्रसाद जोशी, नंद किशोर सोनी, शिव सिंह चौहान, राजेंद्र टेटवाल, गिरीश जोशी सहित कई लोग उपस्थित थे।